मधुर गीतों का कलेक्शन 'मेरी चाहत.. तुमसे है'

'मेरी चाहत... तुमसे है' एक अनूठी नॉन-फिल्मी म्युजिक एलबम है। मेलोडी आधारित हिंदी गीतों के इस एलबम को सावित्री आर्ट फाउंडेशन ने लॉन्च किया है। ये एलबम मधुमोहन के सृजनशील दिमाग की उपज है। उन्होंने इसके लिए हिंदुस्तानी रागों पर आधारित गीत तैयार किए हैं।

एलबम में कुल 7 तराने हैं। जिनमें से सभी एकल गीतों को मधुमोहन ने सुर दिया है। जबकि दो डुएट (दो गाना) गीतों में उनका साथ दिया है खूबसूरत आवाज की मालकिन साधना सरगम ने। यही नहीं इस एलबम में आप विख्यात बांसुरी वादक रोनू मजूमदार की बांसुरी की धुन का भी आनंद ले सकते हैं। रोनू ने एलबम के लिए आश्चर्यजनक सोलो फ्लूट ट्रेक (एकल बांसुरी वादन) तैयार किया है। अतुल रनिन्गा ने एलबम के लिए संगीत तैयार किया है।

गीतों के बोल बेहद संवेदनशील और आसानी से समझ में आने वाले हैं। जिन्हें मुशायरों से अपनी पहचान बना चुके हैदराबाद के जाने-माने गीतकारों या कवियों ने लिखा है। एलबम के लिए खासतौर पर लिखे गए गीत कुछ इस तरह के हैं जो 'चाहत' और इसकी विभिन्न अवस्थाओं का चित्र खींचते हैं। गीतों को इस तरह से व्यवस्थित किया गया कि लगता है जैसे उन्हें एक कहानी में पिरोया गया हो। पूरी एलबम को सुनकर लगता है कि जैसे चाहत की खुशबू बह रही है। एलबम में गजलों, नजमों और गीतों का प्रयोग किया गया है। हिंदी या उर्दू (हिंदुस्तानी) को जानने वाले विश्व भर के काव्य के शौकीनों को ये एलबम मुतासिर करेगी।

एलबम के सात गीतों में पहला गाना जिसे साकिब बनारसी ने लिखा है, वह है 'चली गई..'। दूसरा गाना 'चाहत क्या है...', राशिद आजार ने लिखा है। तीसरा गाना 'इतना कह दे...', अत्यब अजीज ने लिखा है। चौथा गीत 'आपके आजाने से...', अस्थाना सहर ने लिखा है। पांचवा गीत 'मेरे मन पर...', नरेंद्र राय ने लिखा है। छठवां गीत 'तुमसे है...', साकिब

बनारसी ने लिखा है। सातवां गीत 'रे मन जाग...', नरेंद्र राय का लिखा गीत है। इसके बाद एलबम में रोनू मजूमदार की बांसुरी की तान है।

ये गीत गोरखा कल्याण, बिहाग, मिश्र बिलावल, केदार, भैरवी, पहाड़ी और यमण रागों पर आधारित हैं। यद्यपि ये एक नॉन फिल्मी म्युजिक एलबम है, लेकिन इसके माध्यम से हिंदी फिल्मों के सुनहरे युग के गीतों को श्रद्धांजलि देने की कोशिश की गई है। एलबम के एक डुएट (दो गाना), तुमसे है.. का विडियो भी तैयार किया गया है। फायरफ्लाई, हैदराबाद ने म्युजिक वीडियो तैयार किया है। फायरफ्लाई को चिरंजीवी अभिनीत तेलुगु फिल्म अंजी में तैयार किए एनीमेशन के लिए अवार्ड मिल चुका है। वीडियो में गायक मधुमोहन व साधना सरगम के साथ नुसरत बरूचा व विजय वर्मा भी नजर आएंगे।